संख्या–cm-90
**28/01/2023**

# मुख्यमंत्री ने 'समाधान यात्रा' के क्रम में खगड़िया जिले में विकास योजनाओं का लिया जायजा, समस्याओं के समाधान को लेकर अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा–निर्देश

पटना, 28 जनवरी 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 'समाधान यात्रा' के क्रम में खगड़िया जिले में विभिन्न विभागों के अंतर्गत चल रही विकास योजनाओं का जायजा लिया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने खगड़िया जिले के अलौली प्रखंड के रौन में राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के परिसर एवं भवन का निरीक्षण किया। विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग के सचिव श्री लोकेश कुमार सिंह ने वहां की व्यवस्थाओं के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने स्मार्ट क्लास रूम में जाकर छात्र–छात्राओं से बातचीत की और अन्य क्लास रूम, कंप्यूटर सेंटर, सेंट्रल साइंस लाइब्रेरी, सर्वेयिंग लैब और हीट ट्रांसफर लैब आदि में जाकर कार्य पद्धति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय का भवन काफी अच्छा बना है। इसे मेंटेन रखें। परिसर में पौधारोपण कराएं। जल–निकासी भी ठीक रखें और जहां पर जरूरत हो वहां पर पेवर ब्लॉक भी लगाएं। मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित ऑडिटोरियम का भी निरीक्षण किया। छात्र–छात्राओं के साथ तस्वीर खिंचवाई और उनसे बातचीत की। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने परिसर में आम का पौधा भी लगाया।

इंजीनियरिंग कॉलेज के उद्घाटन के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दो–तीन जगहों पर जमीन मिलने में देरी होने के कारण वहां अभी तक इंजीनियरिंग कॉलेज बन रहा है, जबकि बाकी जगहों पर यह बनकर तैयार हो गया है। जहां–जहां इंजीनियरिंग कॉलेज बनकर तैयार हो जाता है वहां पर उसे देखने के लिए हमलोग जाते हैं। इंजीनियरिंग कॉलेज काफी अच्छा बना है। यहां पढ़ने के लिए छात्र–छात्रायें आ गई हैं। सभी काफी खुश दिखाई दे रहे हैं। यहां काफी अच्छे तरीके से पढ़ाई हो रही है। यहां पढ़ने वाले छात्र–छात्राओं, प्रोफेसर एवं अन्य कर्मचारियों के लिए भी रहने का इंतजाम किया गया है। साफ–सफाई का ध्यान रखने का हमने निर्देश दिया है। हमने भी एक जमाने में इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ाई की थी। हम चाहते हैं कि यहां पढ़ने वाले सभी छात्र–छात्राओं के लिए सिनेमा दिखाने का भी इंतजाम हो। हमलोग इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ते थे तो सिनेमा देखा करते थे। अब हमलोग सिनेमा नहीं देख पाते हैं। बिहार के सभी जिलों में इंजीनियरिंग कॉलेज खुलवा रहे हैं। खगड़िया में हमलोग आते–जाते रहे हैं। बाढ़ की स्थिति में हमलोग वर्ष 2007–08 से ही एक–एक जगहों पर घूमकर जायजा लेते हैं। सभी जगहों से संपर्क स्थापित करने को लेकर खगड़िया में सड़कों का निर्माण कराया गया है। पहले सड़कों की स्थिति कैसी थी ? सभी जगहों पर सड़कों का चौड़ीकरण कराया गया ताकि आवागमन में किसी को कोई दिक्कत नहीं हो। वर्ष 2020 से पहले तक हम विभिन्न जिलों में घूमते रहे हैं। कोरोना का दौर शुरू होने के बाद इसमें थोड़ी दिक्कत आयी। इस बार हमने सोचा कि बिहार

के सभी जिलों में जाकर देख लें कि कहां पर क्या और कैसा विकास कार्य चल रहा है तब जाकर मेरे मन को संतोष होगा। इसी को लेकर हमलोग घूम रहे हैं। स्व0 रामविलास पासवान जी के घर तक जाने को लेकर रास्ते का इंतजाम भी हमलोगों ने करवाया। अभी कोई कुछ भी बोले लेकिन आपलोग विधायक डॉ0 संजीव कुमार से पूछ लीजिए कि स्व0 रामविलास पासवान जी के घर तक जाने के लिए हमलोगों ने कितनी सड़कें बनवायी हैं। हमलोगों ने बिहार के सभी जिलों में काफी काम करवाया है। बिहार के सभी इलाकों का विकास हो रहा है। हमलोग यही देखने आये हैं कि जो काम कराये गये हैं वह पूर्ण हुआ है या नहीं और आगे क्या काम करना जरूरी है। इसी उद्देश्य को लेकर हमलोग घूम रहे हैं।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री अलौली प्रखंड की ग्राम पंचायत अंबा–ईचरुआ के कामाथान गांव पहुंचे तथा ग्रामीणों से उनकी समस्याएं सुनीं और उसके समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लाभार्थियों को सांकेतिक चेक प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री ने जीविका हाट में जीविका महिला कृषि उत्पादक कंपनी लिमिटेड के विभिन्न क्रिया–कलापों एवं उपलब्धियों के संबंध में जीविका दीदियों से जानकारी ली। जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह मिशन निदेशक जल–जीवन–हरियाली अभियान श्री राहुल कुमार ने भी मुख्यमंत्री को जीविका दीदियों द्वारा जैविक खाद एवं कीटनाशक उत्पाद, मशरूम उत्पादन, सत्तू, बेसन, चूड़ा आदि उत्पाद से उन्हें हो रहे फायदे के संबंध में जानकारी दी। मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत बेकरी उत्पाद, बकरी पालन, गौ–पालन आदि कार्य कर रहीं जीविका दीदियों ने बताया कि मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत ढाई लाख रुपये की मदद मिली, जिससे मशीन खरीदकर हमने अपना रोजगार शुरू किया। साथ ही हमलोग 10 से 12 जीविका दीदियों को रोजगार भी दे रहे हैं। हम सभी बहुत खुश हैं और परिवार का अच्छे से भरण–पोषण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने सतत् जीविकोपार्जन योजना के तहत 30 परिवारों को 15 लाख रुपये का चेक भी सौंपा।

मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा कि स्वयं सहायता समूह में जीविका दीदियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। आगे इनकी संख्या और हम बढ़ाना चाह रहे हैं। उनकी आमदनी को भी बढ़ाना चाह रहे हैं। जीविका दीदी आगे बढ़ेंगी तो समाज और विकसित होगा। ये लोग पढ़ने–पढ़ाने में भी सहयोग करेंगी। आपस में प्रेम–भाईचारे का भाव रखेंगी इसलिए हम एक–एक चीजों को देख रहे हैं कि सभी लोग काम करें। जीविका दीदियां अच्छा कर रही हैं।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने मध्य विद्यालय कामाथान का भी निरीक्षण किया। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार सिंह ने वहां की व्यवस्थाओं के संबंध में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने पुस्तकालय और कंप्यूटर रूम में जाकर बच्चों से बातचीत की। वे पहली एवं दूसरी कक्षा में गए जहां बच्चों ने उन्हें खेल–खेल में पढ़ाई से संबंधित जानकारी दी। इससे मुख्यमंत्री काफी खुश हुए और उनकी सराहना की। मुख्यमंत्री ने माहवारी स्वच्छता प्रबंधन कार्य के तहत विद्यालय में सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन की शुरूआत की। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत ईचरुआ के कामाथान और तिलक नगर गांव में ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्यायें सुनीं और उसके समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। कृषि विभाग के सचिव श्री एन0 सरवण कुमार ने मुख्यमंत्री समग्र अलंकारी मत्स्यकी योजना के संबंध में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने इस योजना के तहत लाभार्थियों को चेक प्रदान किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने गड़िया घाट तटबंध का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को तटबंध के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने जिला समेकित बाल विकास परियोजना कार्यालय में पालनाघर का भी निरीक्षण किया।

इस दौरान वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, समाज कल्याण विभाग के मंत्री सह खगड़िया जिले के प्रभारी मंत्री श्री मदन सहनी, विज्ञान एवं प्रावैधिकी मंत्री श्री सुमित कुमार सिंह, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, सांसद श्री महबूब अली कैसर, विधायक डॉ0 संजीव कुमार, विधायक श्री रामवृक्ष सदा, विधायक श्री छत्रपति यादव, विधायक मो0 युसूफ सलाउद्दीन, पूर्व विधायक श्रीमती पूनम यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार सिंह, कृषि विभाग के सचिव श्री एन0 सरवन कुमार, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग के सचिव श्री लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह मिशन निदेशक जल–जीवन–हरियाली अभियान श्री राहुल कुमार, आयुक्त मुंगेर प्रमंडल श्री संजय कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक बेगूसराय प्रक्षेत्र श्री बाबू राम, जिलाधिकारी खगड़िया श्री आलोक रंजन घोष, पुलिस अधीक्षक खगड़िया श्री अमितेश कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

******